## खबर संक्षेप

### बाइकों में भिड़ंत के बाद लगी आग, युवक झुलसा

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत खिरहनी ओवरब्रिज में बुधवार की सुबह दो मोटर साइकिलों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। दोनों बाइकों में हुई सीधी भिडंत के बाद एक बाइक में अचानक आग लग गई। घटना में बाइक सवार भी झुलस गया है। हादसे का शिकार हुए दोनों बाइक चालकों को घायल अवस्था में शासकीय जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। बाइक में आग लगने के कारण काफी देर तक ब्रिज के आसपास खलबली मची रही। जानकारी अनुसार दुबे कॉलोनी की तरफ से एक बाइक सवार तेजी से गर्ग चौराहे की तरफ जा रहा था। इसी दौरान घंटाघर की तरफ से आ रहे एक अन्य बाइक सवार से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। मोटरसाइकिलों में इतनी जोरदार टक्कर हुई की एक बाइक में आग भभक उठी। देखते ही देखते बाइक आग का गोला बन गई। हादसे में एक बाइक सवार झुलस भी गया है और दोनों ही बाइक सवारों को टक्कर के कारण चोटें आई हैं। घायलों को एंबुलेंस की मदद से शासकीय जिला अस्पताल भिजवाया है जहां उनका इलाज चल रहा है।

### होली पर्व में उत्पात मचाने वालों को भेजा गया जेल

**कटनी।** होली पर्व के दौरान झिंझरी चौकी पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि चार व्यक्ति उत्पात मचा कर सामाजिक शांति को भंग कर रहे हैं एवं होली त्योहार को बेरंग करने में लगे हुए हैं। पुलिस द्वारा दोनों पक्षों को बहुत समझाने का प्रयास किया गया किन्तु वे नहीं माने तथा भारी बवाल करने लगे जिसके पश्चात चारों असामाजिक तत्वों राजीव उर्फ बड्डा चौधरी, लल्लू चौधरी, छुन्ना चौधरी, एवं मुन्ना चौधरी को धारा 151 जाफौ के तहत गिरफ़्तार कर लिया गया। जिन्हें न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया है।

### युवक पर चाकू से हमला

**कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत बीती शाम करीब 7:30 बजे कुछ युवक चांडक चौक पर सड़क किनारे बैठकर बातचीत कर रहे थे इसी दौरान वहां एक अन्य युवक आया और पुराने विवाद पर उसने उन युवकों पर चाकू से हमला कर दिया। घटना में एक युवक को मामूली चोटे आई हैं। जानकारी के मुताबिक गांधीगंज निवासी दीपक बर्मन अपने कुछ दोस्तों के साथ गत 26 मार्च की शाम लगभग 7:30 बजे चांडक चौक पर सड़क किनारे बैठकर बातचीत कर रहा था। इसी दौरान वहां पर विशाल बर्मन नामक युवक आया और गाली गलौज करते हुए उसने चाकू निकाल कर उन लोगों पर हमला कर दिया। विशाल के हाथ में चाकू देख वहां बैठे सभी युवक भाग खड़े हुए दीपक ने भी भागने का प्रयास किया लेकिन इसी दौरान पीछा करके विशाल ने उसे पर हमला कर दिया हमले में दीपक को मामूली चोटे आई हैं। युवक की शिकायत के आधार पर पुलिस ने अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

### नीमखेड़ा के प्राथमिक शिक्षक अखिल मिश्रा को किया निलंबित

**कटनी।** जिला शिक्षा अधिकारी पी पी सिंह ने बहोरीबंद के शासकीय प्राथमिक शाला नीमखेड़ा के प्राथमिक शिक्षक अखिल मिश्रा के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत विशेष पाक्सो न्यायालय में आरोप पत्र पेश होने की वजह से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबित शिक्षक श्री मिश्रा के विरुद्ध अपराध क्रमांक 334/ 23 में भारतीय दंड संहिता की धारा 354,354 पाक्सो एक्ट एवं एससी ,एसटी एक्ट की धाराओं के तहत आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। डी ई ओ श्री सिंह को यह जानकारी थाना प्रभारी बहोरीबंद द्वारा दी गई। इसके बाद शिक्षक श्री मिश्रा का कृत्य पदीय दायित्वों के लापरवाही एवं विभाग की छवि को धूमिल करने वाला मानते हुए और मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम के विपरीत कदाचरण की श्रेणी में होने के कारण जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबन की कार्रवाई किया है।

### होली पर्व के दौरान शराब की अवैध बिक्री रोकने जिले भर में पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही

# अलग अलग ठिकानों से 2.62 लाख की शराब जब्त










हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

होली पर्व के दौरान शराब की अवैध बिक्री रोकने के लिए जिले भर के थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा कार्यवाही कर बड़ी मात्रा में शराब जब्त की है जिसकी कीमत लाखों में है। जानकारी के अनुसार कुठला पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की गई है। थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि पहलवान ढाबा के आगे नहर के पास एक लड़का अवैध रूप से शराब लिये बिक्री करने हेतु ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर कुठला पुलिस द्वारा आरोपी सूरज निषाद पिता मोहन निषाद उम्र 25 वर्ष निवासी इन्द्रिरा नगर गली नंबर 4 थाना कुठला जिला कटनी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 395 पाव कुल 71 लीटर देशी शराब कीमत 39500 रुपये को जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि जप्तशुदा शराब को होली एवं धुरेड़ी के दिन बेचने की योजना थी। कार्यवाही थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में की गई। जिसमें उप निरी. विनोद सिंह, प्रधान आरक्षक रामेश्वर सिंह, अजय यादव, नन्दकिशोर अहिरवार, आरक्षक संजय यादव आदि थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### युवक से 6 पेटी शराब बरामद

इसी तरह कोतवाली थाना की खिरहनी फाटक चौकी प्रभारी के नेतृत्व में कार्यवाही की गई। मुखबिर की सूचना पर चौकी खिरहनी फाटक क्षेत्र अंतर्गत बैलेटघाट में राजा तिवारी 29 साल निवासी बैलटघाट के कब्जे से 6 पेटी शराब जिसमें कुल 300 पाव देसी प्लेन व मसाला शराब कुल 54 लीटर बेचने की फिराक में रखे हुए पकड़ा गया। जब्त की गई शराब की कीमती 30 हजार रुपए बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ धारा 34-(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीकृत किया जाकर न्यायालय कटनी के समक्ष पेश गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली आशीष कुमार शर्मा, चौकी प्रभारी उनि कुलदीप सिंह, सउनि आर.पी.पटेल, आरक्षक आशीष सोनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बहोरीबंद में भी पकड़ी शराब

बहोरीबंद पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम कुआं में एक निगरानी सुदा बदमाश को होली पर अवैध शराब बेचते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से पुलिस ने 300 पाव अवैध देशी शराब बरामद की। थाना प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि होली पर पुलिस के द्वारा क्षेत्र में गस्त की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी की ग्राम कुआं में एक व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध शराब रखे हुए हैं और उसका विक्रय कर रहा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए ग्राम कुआं स्थित नाग मंदिर के पास छापामार कार्यवाही की गई, जहां पर ग्राम कुआं निवासी 30 वर्षीय निगरानी शुदा बदमाश आमोद उर्फ बालों पिता रविशंकर उर्फ गुल्लू नायक को शराब बेचते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने घर के सामने शटर में बड़ी संख्या में शराब छुपा रखी थी। आरोपी के कब्जे से छह कार्टून शराब बरामद की गई। जप्त की गई कुल 300 पाव शराब की बाजारू कीमत 30 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस के द्वारा आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्यवाही की गई है।

### बड़वारा में अलग अलग ठिकानें में दबिश

बड़वारा पुलिस के द्वारा चार अलग-अलग ठिकानों पर रेड कार्यवाही को अंजाम देते हुए अवैध शराब जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। एसपी के निर्देशों के परिपालन मे क्षेत्र में लगातार भ्रमण किया जा रहा है, थाना प्रभारी बड़वारा द्वारा स्टाफ के साथ मुखबिर सूचना पर से कई संभावित स्थानों पर दबिश दी गई। ग्राम बडेरा में रेड कार्यवाही को अंजाम देते हुए पुलिस ने लालू पिता कुंजीलाल कोल 39 वर्ष निवासी बडेरा के कब्जे से 120 पाव देसी प्लेन शराब कीमती 12 हजार रु की जप्त की। इसके साथ ही ग्राम लोहरवारा से मकरंदी पिता जुगल चौधरी 53 वर्ष निवासी लोहरवारा के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एक हजार रुपए कीमत की जब्त की। इसी तरह ग्राम लोहरवारा से सुकाली राम पिता तुला प्रजापति 45 वर्ष निवासी लोहरवारा के कब्जे से 45 पाव देसी प्लेन शराब कीमती 4500 रुपए की जप्त की जाकर उपरोक्त तीनों के विरुद्ध पृथक पृथक 34(1) आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। ग्राम लोहरवारा से नरेश चौधरी पिता मुकुंदी चौधरी उम्र 30 वर्ष निवासी लोहरवारा के कब्जे से 6 कार्टून देसी प्लेन शराब कुल 54 लीटर कीमती करीबन 30 हजार रुपए की जब्त की गई। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की जाकर आरोपी को न्यायालय कटनी पेश किया गया।

### बरही में भी शराब जब्त

थाना प्रभारी बरही शैलेंद्र सिंह यादव के व्दारा पुलिस टीम गठित कर कार्यवाही हेतु मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। मुखबिर की सूचना पर अलग अलग स्थानो से आरोपियों को पकड़ा गया। बरही पुलिस ने कार्यवाही करते हुए ग्राम पथरहटा में आरोपी यश वर्मन पिता संजू वर्मन उम्र 20 साल निवासी मंगलनगर थाना रंगनाथ कटनी जिला कटनी के कब्जे से 7 पेटी कार्टून शराब जिसमें 4 पेटी में 200 पाव अंग्रेजी शराब गोवा, 2 पेटी में 100 पाव लाल देशी शराब, 1 पेटी में 50 पाव प्लेन शराब कुल 350 पाव शराब कुल कीमत 45 हजार रुपये की शराब जब्त की गई। शराब के संबंध में वैध कागजात पेश न करने पर उक्त शराब मौके से जप्त कर आरोपी के विरुध्द आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबध्द कर न्यायालय पेश किया जाकर जेल भेजने की कार्यवाही की गई।

### युवक से 20 लीटर शराब जब्त

थाना प्रभारी माधवनगर अपने दल बल के साथ नगर मे शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु लगातार भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान अवैध रूप से शराब विक्रय करने वाले व्यक्तियो की सूचना मिलते ही अलग अलग 06 स्थानो से अवैध रूप से शराब विक्रय करने वाले आरोपियो के विरूध्द आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर कुल 20 लीटर शराब कीमती 10330 रूपये की जप्त की गई।

### विजयराघवगढ़ में अंग्रेजी सहित देशी शराब जब्त

विजयराघवगढ़ पुलिस द्वारा घेराबंदी कर के भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की गई और आरोपी को न्यायिक हिरासत में लिया गया। यह कार्यवाही एसपी के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी के.पी. सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रितेश शर्मा थाना विजयराघवगढ़ द्वारा की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि मुखबिर के बताए अनुसार पिपरिया रोड ग्राम सिनगौड़ी में पुलिस एवं मौजूदा साक्षियों की मदद से घेराबंदी कर कार क्रमांक एम.पी. 21 जेड.सी. 4855 में आरोपी सागर पिता ऋषिराज बर्मन एवं आदित्य तिवारी पिता रजनीश तिवारी दोनों रंगनाथ नगर कटनी निवासी के कब्जे से अवैध रूप से 90 लीटर अंग्रेजी शराब कीमती 50 हजार रूपया की जब्त की गई। उक्त शराब को रखने का कारण पूछने पर बताया कि उक्त शराब को बिक्री के उद्देश्य से अन्य जगह ले जाने के फ़िराक में थे। आरोपियों का कृत्य धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पाया जाने से आरोपीगणों के कब्जे से 90 लीटर अंग्रेजी शराब कीमती व शिफ्ट कार क़ीमत 10 लाख कुल मसरूका 10.5 लाख रुपए का जब्त कर मामला पंजीबद्ध कर विधिक कार्यवाही की गई।

### कार्यवाही में ये रहे शामिल

कार्यवाही में रीतेश शर्मा निरीक्षक थाना प्रभारी विजयराघवगढ़, सहायक जय सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक अरविंद गर्ग, प्रधान आरक्षक राजकुमार शर्मा, आरक्षक पप्पू प्रजापति, आरक्षक अंजनी झा, आरक्षक चालक मज्जू कोल, नगर रक्षा समिति के सदस्य रघुनाथ साहू, नेक सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**वैश्विक समस्याओं मे होगी चर्चा, शामिल होंगे राष्ट्रीय वक्ता**

# दो दिवसीय विराट संत सम्मेलन व रजत जयंती समारोह का आयोजन 29 मार्च से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के राजयोग रिसर्च एवं शोध संस्थान के धार्मिक प्रभाग द्वारा सकारात्मक परिवर्तन वर्ष के अंतर्गत विराट संत सम्मेलन का आयोजन 29 मार्च शुक्रवार को दोपहर 3:00 बजे सुरम्य पार्क के पीछे सोनालेक पेंट फैक्ट्री में किया जा रहा है।

इंदौर से पधारे धार्मिक प्रभाग के क्षेत्रीय सयोजक ब्रह्माकुमार नारायण भाई ने ब्रह्माकुमारी सिविल लाइन पर स्थित सभागृह में प्रेस वार्ता कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में बताया कि इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के कई संत महात्मा भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का विषय वर्तमान समय सर्व समस्याओं का समाधान श्रीमद् भागवत गीता द्वारा कैसे हो सकता है इस पर जोधपुर से पधारे अनंत विभूषित महामंडलेश्वर डॉक्टर शिवस्वरूपानंद महाराज, जबलपुर से पधारे महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरी, महामंडलेश्वर प्रज्ञा भारती, इलाहाबाद से धार्मिक प्रभाग की राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रम्हाकुमारी मनोरमा दीदी, धार्मिक प्रभाग के इंदौर जोन के जोनल कोर्डिनेटर ब्रह्माकुमार नारायण भाई, राजयोगिनी पुष्पा दीदी सबकोर्डिनेटर नवा पारा छत्तीसगढ़, गीता की विदुषी विद्वान महिला डॉक्टर पुष्पा पांडे जबलपुर, महंत विभामुनिजी रायपुर, आचार्य वत्स महाराज अयोध्या धाम, आचार्य पंडित नीलेश पाठक महाराज कटनी, आचार्य परमानंद महाराज सतना इत्यादि वक्ता अपना अनुभव युक्त विचार जन मानस के सामने रखेंगे।

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी सेवा केंद्र संचालिका ने बताया सिविल लाइन की स्थापना के 25 वर्ष से अधिक पूर्ण होने के कारण राजयोग की सेवा में संलग्न ईश्वरीय सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले भाई बहनों का एक अलौकिक आत्मीय ईश्वरीय सम्मान रजत जयंती समारोह 30 मार्च 2024 शनिवार समय दोपहर 3:00 बजे अमकुही में स्थित सोनालेख पेंट फैक्ट्री में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में शुभ कामना देने उद्योगपति सुधीर जैन जी, चंडीगढ़ से पधारे उद्योगपति राधेश्याम, इलाहाबाद से पधारे ब्रम्हाकुमारी मनोरमा दीदी जी ,संस्था मुख्यालय से पधारे स्वच्छता विभाग के ब्रह्माकुमार जगदीश भाई, ज्ञानसरोवर माउंट आबू से पधारे विजय भाई, ललित यादव पूर्व मंत्री जिला छतरपुर (वर्तमान विधायक) जगदीश यादव प्रदेश अध्यक्ष भोपाल एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय यादव महासभा इत्यादि वक्ता उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में इलाहाबाद से पधारी राजयोगिनी मनोरमा दीदी का सम्मान एवं अभिनंदन महापौर श्रीमती प्रीति सूरी द्वारा किया जाएगा।

### बांधा मंदिर में रंग गुलाल व पुष्पों की मनाई होली



राधाकृष्ण मंदिर लघु वृंदावन धाम बांधा में संपूर्ण वैदिक एवं पौराणिक परंपराओं के साथ भगवान मुरली मनोहर जी एवं राधारानी के साथ घंटो तक सुगंधित गुलाब, गेंदा, सेवंती, पलाश आदि पवित्र पुष्पों तथा भांति भांति के रंग गुलाल से आनंदपूर्ण वातावरण में होली खेली गई। सायं 4 बजे हजारों भक्तों की उपस्थिति में मंदिर के प्रधान पुजारी ने भगवान के उपर पुष्प गुलाल उड़ाकर होली महोत्सव का शुभारंभ किया। सायं 7 बजे भगवान की भव्य पुष्प महाआरती के पश्चात भक्तों के द्वारा पुष्पों एवं गुलाल की वर्षा सी की गई। समूचा गगनमंडल रंग बिरंगे गुलाल से आच्छादित हो गया। श्री राधाकृष्ण जी की नृत्य करती हुई सजीव झांकियों के साथ उपस्थित भक्तवृंदो ने लोक लाज त्यागकर अपने अपने नृत्य आनंद में डूबे रहे।

### राजस्व वसूली में तेजी लाने अधिकारियों को दी हिदायत

# न्यायालयीन मामलों में तत्परता से जवाब प्रस्तुत करने निर्देश





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने समय-सीमा की बैठक में न्यायालयीन मामलों में समय पर जवाब प्रस्तुत करने और विभिन्न आयोगों द्वारा प्रेषित पत्रो का जवाब तत्परता से देने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने विभागों में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान लंबित मामलों की जानकारी देने के भी निर्देश दिए।

बैठक में जिला पंचायत के सी.ई.शिशिर गेमावत और अपर कलेक्टर साधना परस्ते मौजूद रही।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय-सीमा की बैठक के प्रकरणो से संबंधित मामलों की फाइलें समय पर प्रस्तुत करे। इसके अलावा संबंधित मामलों में यदि विभाग स्तर से कोई कार्रवाई की गई हो तो भी इसकी जानकारी हर हाल में अवगत करवाना सुनिश्चित करें । कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को राजस्व वसूली में तेजी लाने की हिदायत दी।

कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि अंतरराष्ट्रीय बस स्टेण्ड हेतु आवंटित शासकीय भूमि की फेंसिंग करवा कर सुरक्षित कर लें। साथ ही आवंटित जमीन पर नगर निगम की भूमि होने का बोर्ड भी लगा दे।कलेक्टर ने माईनिंग ,शिक्षा, राजस्व, खाद्य विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की

### नल जल योजनाओं की समीक्षा

कलेक्टर ने रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उर्पाजन सहित गर्मियों के मद्देनजर नल-जल योजनाओं की समीक्षा की।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री के.एस. डामोर को विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए समय-सीमा की बैठक में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

बैठक में सभी एस.डी.एम. डिप्टी कलेक्टर द्वय प्रमोद चतुर्वेदी एंव विवेक गुप्ता, जिला कार्याक्रम अधिकारी महिला बाल विकास नयन सिंह,डी.आई.ओ. प्रफुल्ल श्रीवास्तव परियोजना और अधिकारी मृगेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें।




# होली में हुए रंगारंग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

रंगोत्सव के पर्व होली के अवसर पर बरही में होली मिलन समारोह फगुआ महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परम्परागत फाग गीतों को गाकर किया गया। नाट्य संस्था दर्पण रंग समिति के संचालक दुर्गेश सोनी ने बताया कि बघेली लोक संस्कृति का संरक्षण एवं संवर्धन ही संस्था का मुख्य उद्देश्य है। होली भारतीयों का एक महत्वपूर्ण त्यौहार है, जो वसंत ऋतु में मनाया जाता है। रंगों का यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत और वसंत ऋतु के शुभारंभ का प्रतीक है। होली के रंगभरे गीतों पर उल्लास छाया रहा। विभिन्न संगठनों द्वारा जगह-जगह होली मिलन समारोह भी आयोजित किए गये। एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। दर्पण रंग समिति ने फगुआ महोत्सव स्टेशन रोड में मनाया जहाँ दर्पण के कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में बरही नगर परिषद के अध्यक्ष पियूष अग्रवाल दर्पण रंग समिति के अध्यक्ष डॉ.दीपक अग्रवाल पार्षद सरमन सोनी, दिलीप सोनी दुर्गेश सोनी,वंशरूप चौधरी,हरीश भारती,निराला द्विवेदी समेत जनसमुदाय उपस्थित रहा।

**खबर संक्षेप**

## 10 हजार से अधिक का नगद भुगतान नहीं कर सकेंगे उम्मीदवार

**कटनी।** चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार निर्वाचन व्यय के किसी भी मद में किसी भी व्यक्ति या इकाई को दस हजार रूपये से अधिक का भुगतान नगद में नहीं कर सकेंगे। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक उम्मीदवार को अपने निर्वाचन व्यय के किसी मद पर दस हजार से अधिक की राशि का भुगतान रेखांकित या एकाउंट पेई चेक, ड्राफ्ट अथवा आरटीजीएस या एनईएफटी के माध्यम से ही करना होगा। आयोग ने ये निर्देश आयकर अधिनियम की धारा 40 ए (3) में एक अप्रैल 2017 को हुए संशोधन के मद्देनजर जारी किया है। इसमें कहा गया है कि उम्मीदवारों अथवा राजनैतिक दलों द्वारा दस हजार रूपये से अधिक की राशि नगद के रूप में न तो खर्च की जा सकती है और न ही किसी से चंदे के रूप में ली जा सकती है । निर्वाचन आयोग के मुताबिक निर्वाचन व्यय के रूप में दस हजार रूपये तक राशि का भुगतान भी उम्मीदवारों द्वारा निर्वाचन व्यय के प्रयोजन से पृथक से खोले गये बैंक खाते से आहरित कर ही किया जा सकेगा।

## पोटली में बंद नाले में मिला शिशु का शव

**कटनी।** ढीमरखेड़ा ब्लॉक में नवजात शिशु का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने पोटली में बंद मिले नवजात के शव को जप्त करते हुए अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। ढीमरखेड़ा ब्लॉक के दसरमन गांव में मंगलवार को पोटली में बंद नवजात शिशु का शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने बताया कि सचिन नामदेव के घर के पास नाली में पोटली के अंदर से दुर्गंध आ रही थी, जिसकी जानकारी सिलौंडी चौकी पुलिस को दी गई। मामले की जानकारी मिलते ही चौकी प्रभारी सीताराम बागरी अपने टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पोटली को खुलवाया, जिसमें नवजात बच्ची का शव मिला। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमरियापान भिजवाया। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है। प्रारंभिक तौर पर पुलिस ने इस मामले में किसी भी तरह का खुलासा नहीं किया है प्रकरण दर्ज करते हुए मामले की जांच की जा रही है। इसके पूर्व भी जिले में कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत गाटरघाट के समीप एक नवजात बच्चे का शव पाया गया था। उक्त मामले में पुलिस की जांच जहां की तहां अटकी हुई है।

## मोबाइल चोरी को लेकर हुए विवाद में दो अधिवक्ता हुए घायल



**कटनी।** होली पार्टी के दौरान मोबाइल चोरी की आशंका को लेकर हुए विवाद के कारण एक दर्जन से भी अधिक युवकों ने नई बस्ती क्षेत्र में कुछ अधिवक्ताओं पर हमला कर दिया। मारपीट में दो अधिवक्ताओं सहित एक अन्य युवक को गंभीर चोटें आई हैं उन्हें इलाज के लिए शासकीय जिला अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के मुताबिक होली पर राघव रीजेंसी में होली पार्टी का आयोजन किया गया था। जहां पर अधिवक्ता मयंक नगरिया, अधिवक्ता सत्येंद्र निषाद भी मौजूद थे। इस दौरान मोबाइल चोरी की बात को लेकर मयंक और सत्येंद्र का विवाद नई बस्ती निवासी कुछ युवकों से हो गया। बताया जाता है कि जब मयंक और सत्येंद्र अपने साथी रोहित निषाद के साथ नई बस्ती से होकर गुजर रहे थे इसी दौरान उन लोगों ने उन लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। एक दर्जन युवकों ने दोनों अधिवक्ताओं सहित युवक की बेरहिनी से पिटाई कर दी। मारपीट में एक अधिवक्ता के सिर में गहरी चोट आने के कारण 6 टांके लगे जबकि रोहित को भी सिर पर गहरी चोट है उसे भी 8 टांके लगाए गए हैं। अधिवक्ताओं की शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच कार्यवाही शुरू कर दी है।

### रंग गुलाल से सराबोर दिखाई दिये युवा और बच्चे, सुरक्षा को लेकर सख्त रहा पुलिस का पहरा

# रंगों के पर्व होली में दिखा उत्साह, जमकर की मौज मस्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रंग, उमंग और खुशियों का महापर्व होलिकोत्सव जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। होली के त्यौहार की मस्ती के आगे क्या बच्चे क्या बड़े सब होलियाना पर्व में दिखे। शहर से लेकर दूरस्थ गांव तक स्थानीय परंपरानुसार विविध आयोजनों के मध्य महापर्व होली धूमधाम से मनाया गया। होलिका दहन के साथ ही शुरू हुआ बुरा न मानो होली है का शोर भाई दूज की देर शाम जाकर थमा। इस बीच कही सामूहिक रूप से रंग, गुलाल से एक दूसरे को सराबोर कर होली मनाई गई तो कही पारंपरिक होली गीत गुंजायमान रहे। होली के अवसर पर लोगो ने स्नेहीजनों के घरों में भी पहुंचकर एक दूसरे पर रंग व टीका लगाकर होली की शुभकामनायें दी।

नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जगह जगह होलिका दहन किया गया। होलिका की प्रतिमाओं को कंडे, लकड़ियों के ढेर में रखकर दहन किया गया। विधि विधान के साथ पूजन कर होलिका का दहन कर एक दूसरे के माथे पर टीका लगाकर होली की शुभकामनाओ और गले मिलकर बधाई देने का जो सिलसिला प्रांरभ हुआ वह धुरेड़ी के दिन रंगोत्सव में तब्दील हो गया जबकि भाई दूज के दिन में ग्रामीण अंचलो में गोबर वाली होली के रूप में मनाई गई।

### उत्साह से सराबोर रहे बच्चे

होली पर्व को लेकर खासकर युवाओं व बच्चों में बहुत उत्साह देखा गया। बड़ो की होली में पहले जैसी रंगत नजर नही आई। बावजूद इसके महापर्व होली धूम निराली रही। परिजनों ने बच्चों के मनपंसद वाली पिचकारियां, रंग के साथ ही बाजार में उपलब्ध मनोरंजन की कई सामग्री खरीदी। बच्चे कही मुखौटो के साथ होली का लुत्फ उठाते रहे तो कही साधु संतो की वेशभूषा वाले जटा लगाकर भी हुल्लड़ करते रहे। बाजार में सजी होली की दुकानों में भीड़ रही। मिठाई की दुकानों में भी भीड़भाड़ रही। दो दिनी अवकाश के बाद बुधवार को भी बाजार भी पूरा नहीं खुला। वाहनों की धमाचौकड़ी भी कम ही रही।

### दूसरे दिन हुई जमकर होली

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी धुरेड़ी से कहीं ज्यादा होली दूसरे दिन हुई। धुरेड़ी के दूसरे दिन ज्यादा होली खेली गई। सड़कों पर सन्नाटे के रंगों से सराबोर युवाओं की टोली भी निकली, हालांकि जान पहचान वालों को ही रंग गुलाल लगाया। विवादित स्थिति से बचने जबरन किसी पर रंग नहीं डाला गया। युवाओं में कहीं-कहीं मामूली विवाद की स्थिति भी निर्मित हुई, लेकिन बुरा ना मानो होली है, के उद्घोष के बीच सब कुछ चलता रहा।



### बच्चों ने चलाई पिचकारियां

रंगों के पर्व होली पर कलेक्टर अवि प्रसाद बच्चों के साथ बच्चे बने नजर आए। उन्होंने आसरा बाल गृह के बच्चों की नटखट टोली के साथ रंग और गुलाल की जमकर होली खेली और बच्चों की खुशियों में शामिल हुए। बच्चों ने यहां गुझिया, कचौड़ी, आलू -मटर चाट सहित भांति-भांति के लजीज व्यंजनों और मिठाईयों का ज़ायका लिया।इस दौरान जिले के कई प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

कलेक्टर अवि प्रसाद के साथ नटखट अंदाज में होली खेल रहे बच्चों की खुशी देखते ही बनती थी। कलेक्टर ने भी बच्चों के साथ बच्चा बन खेलीं रंगों की होली। कलेक्टर श्री प्रसाद के साथ होली खेलकर बच्चे बेहद खुश हुए।बच्चों की इसी खुशी ने रंगोत्सव के उल्लास और उत्साह को दोगुना कर दिया। कलेक्टर श्री प्रसाद के साथ -साथ जिले के मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने भी बच्चों के साथ होली खेली।

### व्यंजनों का उठाया लुत्फ

बच्चों के साथ बच्चा बनकर होली का आनंद उठाते अधिकारियों की खुशी भी देखते ही बनती थी। होली खेलने के साथ -साथ बच्चों ने होली के पारंपरिक व्यंजनों सहित चटपटे स्वाद का आनंद उठाया। इस दौरान आसरा बाल गृह के संचालक सहित कलेक्ट्रेट और अन्य विभागीय अधिकारी- कर्मचारी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री प्रसाद से आसरा बाल गृह के बच्चों का आत्मीय लगाव किसी से छिपा नहीं है। बीते साल कलेक्टर के बाल आसरा गृह भ्रमण के दौरान यहां के बच्चों ने कलेक्टर श्री प्रसाद के साथ होली खेलने की इच्छा जताते हुए उन्हें बाल गृह आने का निमंत्रण दिया था। जिस पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने बच्चों से उनके साथ होली खेलने का वादा किया था। इसी वादे को पूरा करते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद ने अपने निवास पर बीते साल आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में बाल गृह के बच्चों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया था। जहां कलेक्टर श्री प्रसाद ने बच्चों के साथ करीब 3 घंटे तक जमकर होली खेली थी।

### चाक चौबंद रहे पुलिस के इंतजाम, वाहनों की चेकिंग

होली पर्व के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिले भर में पुलिस सख्त नजर आई। नगर भ्रमण कर हुल्लड़बाजों को समझाइश दी गई। नशा कर वाहन चलाने वालों की चेकिंग भी की गई। पुलिस की सक्रियता के चलते होली का त्यौहार पूरे जिले में शांतिपूर्ण ढंग से मना। पर्व में कोई अप्रिय घटना न हो इसके मद्देनजर इस बार पुलिस ने भी खास तैयारी की थी। होलिका दहन के दिन से लेकर धुरेड़ी और इसके दूसरे दिन तक शहर के चप्पे-चप्पे में पुलिस बल पूरे समय तैनात रहा। प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी शहर में गश्त करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।

*अलग अलग स्थानों से शराब, चाकू सहित आदि किया गया जब्त*

# आपराधिक गतिविधियों में लिप्त तत्वों पर शिकंजा कसने पुलिस ने किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डां सन्तोष डेहेरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के द्वारा होली त्योहार एवं लोक सभा चुनाव पर अबैध शऱाब, अबैध शस्त्र रखने वाले तथा उत्पाच मचाने वालों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके पालन मे क्षेत्र मे लगातार भ्रमण किया गया।

थाना प्रभारी कोतवाली आशीष शर्मा के निर्देशानुसार चौकी प्रभारी बस स्टेण्ड थाना कोतवाली से उप.निरी. अंकित मिश्रा द्वारा हमराह स्टाफ सउनि.दीपेन्द्र शर्मा, प्र.आर. मनोज पटेल, प्रआर नीरज पाण्डेय, प्र आर सुशील पाण्डेय, आर मनु



त्रिपाठी, आर सौरभ तिवारी, सैनिक जय कुमार, सैनिक भरत मिश्रा के द्वारा भ्रमण के दौरान अर्जुन कोल पिता नत्थू लाल कोल 24 निवासी गल्ला मण्डी पहरुआ थाना कुठला कटनी के कब्जे से 100 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 10,000 रुपये की जप्त कर धारा 34 आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई।

इसी तरह आरोपी इमरान खान पिता शहीद खान उम्र 37 वर्ष निवासी आजाद चौक थाना कोतवाली कटनी के द्वारा अबैध रुप से एक लोहे का चाकू रखे पाये जाने से चाकू जप्त कर धारा 25 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही की गई। इमरान खान द्वारा कैलवारा फाटक मे आम रोड़ पर उत्पात मचाने पर धारा 151, 107, 116(3) जाफौ की कार्यवाही की गई। 25 मार्च की रात्रि मे मुकेश चौधरी पिता स्व रामचरण चौधऱी उम्र 36 वर्ष निवासी कोल मोहल्ला थाना कोतवाली द्वारा कोल मोहल्ला आम रोड़ मे उत्पात मचाने पर धारा 151, 107, 116(3) जाफौ तैयार किया गया। एक अन्य मामले में आरोपी बोटे लाल कोल पिता डोमल कोल उम्र 32 वर्ष निवासी सिंगल दीप थाना पनागर जिला जबलपुर हाल जमोड़ी थाना कोतवाली कटनी के कब्जे मे अबैध रुप से 20 पाव देशी प्लेन शऱाब कीमती करीबन 2,000 रुपये का पाये जाने से आरोपी के खिलाफ धारा 34 ए आबकारी एक्ट कायम किया गया।

## सुखमय जीवन के लिए श्रद्धा भक्ति व समर्पण जरूरी




संत शिरोमणी आचार्य विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य प्रखर वक्ता, गुणायतन प्रणेता, भावना योग प्रवर्तक, शंखा समाधान के जनक मुनिश्री 108 प्रमाण सागर महाराज का संघ सहित नगर आगमन हुआ। इस अवसर जैन धर्मालम्बियों द्वारा आरती उतारकर, पाद प्राक्षल कर एवं रंगोली सजाकर मुनि संघ की भव्य आगवानी कि गई। धर्मयात्रा माई नदी से प्रारंभ होकर खिरहनी फाटक, हीरागंज,गोलबाजार,मेन रोड़ सुभाष चौक, कपड़ा बाजार से होते हुये श्री 1008 पार्श्वनाथ दिग .जैन बड़े मंदिर में पहुंची जहां मुनिश्री के मुखाग्र बिन्दु से शांतिधारा होने के पश्चात यात्रा जैन बोर्डिंग हाउस में पहुंचकर धर्मसभा के रूप में परिवर्तित हो गई मंगलाचरण रूची दीदी द्वारा आचार्य श्रीजी के चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्जवलन समाजसेवी दादा संतोष कुमार मालगुजार के द्वारा किया गया। मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज ने धर्मसभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि देव शास्त्र गुरू के प्रति पूर्ण समर्पण करने से आपके जीवन में कल्याण हो सकता हैं उन्होने ने आगे कहा कि जीवन को सुखमय बनाने के लिए श्रद्धाभक्ति,समर्पण,बुद्धि का होना आवश्यक है ।

# 12 जुआरी पकड़ाये, 6 बाइक एवं 42 हजार रूपए नकदी किये जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधव नगर पुलिस ने लगभग एक दर्जन जुआडियो को दांव लगाते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। जुआडियों के पास से पुलिस ने आधा दर्जन बाइक सहित साढ़े 4 लाख का माल बरामद किया। नगर थाना प्रभारी अनूप सिंह ठाकुर ने बताया कि अभिजीत रंजन पुलिस अधीक्षक कटनी के निर्देशन एवं डॉ संतोष डेहरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, श्रीमति ख्याति मिश्रा नगर पुलिस अधीक्षक कटनी के मार्ग दर्शन में दुर्गेश तिवारी उप निरीक्षक के नेतृत्व में जुआ खेलने 'वाले 12 आरोपियों को पकडने में सफलता मिली है।

थाना माधवनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि लखापतेरी 'के पास 'कुछ लोग तास



के पत्तो पर रूपये पैसो का दाव लगाकर हार जीत की बाजी लगाते दिख रहे हैं। सूचना पर तत्काल टीम का गठन किया गया और जुआ खेलने वाले स्थान लखापतेरी मुर्गी फार्म के पास पुलिस ने घेराबंदी कर कुछ लोगों को जुआ मन्ना खेलते हुऐ पकड़ा। आरोपियों ने पुलिस फोर्स को देखते ही भागने का असफल प्रयास किया, लेकिन माधवनगर पुलिस की टीम ने मुस्तैदी से सभी आरोपियों को जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़ा। आरोपियों के पास से तास के पते एव 42,400 रूपये नगद 06 टू व्हीलर कीमती 4 लाख कुल जप्त मशरूका 4,42,400/ रूपये जप्त कर सभी आरोपियों के विरूद्द धारा 13 जुआ एक्ट एवम मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

कार्रवाई में थाना प्रभारी अनूप सिंह ठाकुर, दुर्गेश तिवारी उप निरीक्षक चौकी प्रभारी निवार, सउनि. कमलेश्वर शुक्ला, रमाकान्त दुबे, मनोज कुडापे, प्रधान आर. गौरव सेन, मनीष असैया, लाल जी यादव, प्रशान्त, विवेश कुमार, आर. अरविन्द कुशवाहा, शिवकुमार पटेल, अभय यादव, रविन्द दुबे, राजेन्द्र उईके, वकील यादव की सराहनीय भूमिका रही।

*कलेक्टर ने दिये पेयजल एवं प्रसाधन के इंतजाम करने निर्देश*

# 10 केन्द्रों में होगा समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों का उपार्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रबी विपणन वर्ष 2024-25 हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले में चना, मसूर, एवं सरसों के उपार्जन हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत पात्र किसानों से खरीदी हेतु 10 उपार्जन केन्द्र स्थापित किए गए हैं। कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों में किसानों के लिए पेयजल और प्रसाधन आदि के इंतजामों के निर्देश दिये हैं।

### इन दरों में होगी खरीदी

किसानो से समर्थन मूल्य पर क्रय हेतु चना के लिए 5 हजार 440 रूपए प्रति क्विंटल, मसूर 6 हजार 425 रूपए प्रति क्विंटल और सरसों 5 हजार 650 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जायेगा। इन फसलों का उपार्जन कार्य 31 मई तक किया जाएगा।

### ये हैं उपार्जन केन्द्र

चना, मसूर और सरसों के उपार्जन हेतु जिले में स्थापित 10 उपार्जन केन्द्रों में कटनी तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति चाका कैलवाराकला, कटनी नगर तहसील में विपणन सहकारी संस्था कटनी, स्लीमनाबाद में प्राथमिक कृषि साख समिति स्लीमनाबाद, ढीमरखेड़ा में प्राथमिक कृषि साख समिति झिन्ना पिपरिया,बडवारा में किसान सहकारी विपणन समिति बडवारा, और बरही तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति पिपरियाकला, बहोरीबंद में प्राथमिक कृषि साख समिति बहोरीबंद एवं प्राथमिक कृषि साख समिति बनाकर तथा विजयराघवगढ़ में प्राथमिक कृषि साख समिति विजयराघवगढ़ और रीठी तहसील में कृषि विपणन सहकारी समिति रीठी को उपार्जन केन्द्र बनाया गया है।

### किसानो के लिए व्यवस्था

कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्र में किसानों के लिए पीने के पानी एवं शौचालय व्यवस्था सहित उपज की छनाई एवं साफ करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### ये हैं जरूरी दस्तावेज

.कृषकों को अपने उपज विक्रय के समय उपार्जन केन्द्र पर दस्तावेज जमा करना होगा, जिनका मिलान केन्द्र प्रभारी द्वारा किया जायेगा एवं मिलान होने के उपरांत कृषक तौल पर्ची जारी करने की कार्यवाही की जायेगी। इसमें आधार कार्ड की प्रति,बैंक पासबुक से बैंक खाता नंबर, आई एफ एस सी कोड एवं शाखा का मिलान ,समग्र सदस्य आई.डी की प्रति (न होने के दशा में पेनकार्ड की प्रति),वनाधिकार पट्टाधारी को पट्टे की प्रति,सिकमी किसानों को सिकमी अनुबंध की प्रति ,किसानों पंजीयन पर्ची का हस्ताक्षरित प्रिंटआउट, खसरे, ऋण पुस्तिका (मोबाईल एप से पंजीयन कराने वाले किसानों हेतु ) प्रस्तुत करनी होगी।

लेकिन जिन कृषकों द्वारा पंजीयन के समय उक्त दस्तावेज दिये गये है, उनकों पुनः दस्तावेज उपलब्ध कराने की आवश्यकता नही है।किसानों द्वारा विक्रय की गई उपज की कम्प्यूटराइज्ड प्रिंटैड रसीद (डबल कॉपी) केन्द्र प्रभारी द्वारा ऑनलाईन जारी कर अपने हस्ताक्षर किये जायेंगें, जिसकी एक प्रति संस्था द्वारा रखी जायेगी तथा दूसरी कृषक को दी जावेगी।

### उम्मीदवार को नामांकन पत्र के साथ जमा करना होगा शपथ पत्र

# प्रत्येक उम्मीदवार को देना होगा अपराधिक रिकार्ड का विवरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन के घोषित कार्यक्रमानुसार चुनाव की अधिसूचना 28 मार्च को जारी की जाएगी। इसी दिन से नामांकन पत्र दाखिल करने प्रक्रिया आरंभ होगी। आयोग के निर्देशानुसार नामांकन पत्र के साथ प्रत्येक उम्मीदवार को आपराधिक रिकार्ड का विवरण भी देना होगा।

इस संबंध में सभी उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल करते समय निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करना आवश्यक होगा। नामांकन पत्र के साथ उम्मीदवार को निर्धारित प्रपत्र 26 में आपराधिक प्रकरण के संबंध में शपथ पत्र देना होगा। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार उम्मीदवार को अपने पूर्व के प्रचलित आपराधिक प्रकरण एवं दोषसिद्ध प्रकरण के संबंध में घोषणा पत्र देना होगा। उम्मीदवार निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप में सभी विवरण दर्ज करके नामांकन पत्र के साथ प्रस्तुत करेंगे। यदि उम्मीदवार किसी राजनैतिक दल कि ओर से चुनाव लड़ रहा है तो उसे आपराधिक प्रकरण के संबंध में उस राजनैतिक दल को भी सूचना देनी होगी। राजनैतिक दल उम्मीदवार के लंबित आपराधिक प्रकरण कि जानकारी दल की वेबसाइट पर दिखाएंगे। साथ ही राजनैतिक दल इस संबंध में एक घोषणा जारी करेंगे जिसे समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया में प्रसारित प्रकाशित करना आवश्यक होगा। नामांकन पत्र भरने के बाद कम से कम तीन बार लंबित आपराधिक प्रकरण के संबंध में घोषणा स्थानीय समाचार पत्रों एवं टीव्ही चौनलों में प्रसारित करना अनिवार्य होगा। इनका प्रसारण नाम वापसी कि समय सीमा समाप्त होने से मतदान के 48 घण्टे पहले तक कि अवधि में किया जाना है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आपराधिक प्रकरणों की जानकारी देने के लिए आयोग द्वारा प्रपत्र सी -1 निर्धारित किया गया है। जिसे संचार माध्यमों में प्रकाशित एवं प्रसारित किया जायेगा। उम्मीदवार प्रपत्र सी -2 में अपने राजनैतिक दल को लंबित प्रकरणों की जानकारी देंगे। जिसे दल वेबसाइट में प्रदर्शित किया जाएगा। उम्मीदवार प्रपत्र सी -3 में रिटर्निंग आफीसर को लिखित में जानकारी देंगे तथा प्रपत्र 26 में शपथ प्रस्तुत देंगे। प्रपत्र 26 के कालम 5 एवं 6 में आपराधिक प्रकरणों कि जानकारी दी जायेगी। सभी उम्मीदवारों को इन निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए है।

### उम्मीदवार ऑनलाइन जमा कर सकते हैं जमानत राशि

चुनाव लड़ने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निक्षेप राशि (जमानत राशि) निर्धारित की गई है। अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को 25 हजार रूपये और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी को 12 हजार 500 रुपये की निक्षेप राशि जमा करानी होगी। उम्मीदवार नामांकन पत्र के साथ इसे नकद जमा कर सकते हैं। उम्मीदवारों को ऑनलाइन जमानत राशि जमा करने की भी सुविधा दी गई है। उम्मीदवार ई-चालान अथवा साइबर ट्रेजरी पोर्टल से जमानत राशि ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।

### मतदान दिवस पर संवैतनिक अवकाश

लोकसभा निर्वाचन- 2024 के मद्देनजर कारोबार, न्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य संस्थान में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान दिवस पर मतदान करने के लिए सवैतनिक अवकाश प्रदान करने के निर्देश दिये गये हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद द्वारा जारी परिपत्र के तहत बुधवार को आदेश जारी कर अनुसार बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ख) के प्रावधान के अनुसार निर्वाचन के दौरान मतदान दिवसों को किसी भी कारोबार, व्यवसाय,औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य संस्थाओं में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करने के लिए सवैतनिक अवकाश प्रदान किये जाने के निर्देश दिए हैं। यह निर्देश ऐसे निर्वाचकों पर लागू नहीं होंगे, जिनकी अनुपस्थिति से उस नियोजन में कोई खतरा या सारवान हानि स्वेद्ध हो सकती है। इस प्रावधान के अंतर्गत दैनिक वेतन , आकस्मिक श्रमिक भी मतदान दिवस पर मजदूरी सहित अवकाश के हकदार होंगे। इस प्रावधान का उल्लंघन करने वाले नियोजकों के विरूद्ध दंड का प्रावधान है।

# आदतन अपराधी के विरुद्ध की जिलाबदर की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला मजिस्ट्रेट अवि प्रसाद ने लोक सभा निर्वाचन के मद्देनजर भारत चौक , झर्रा टिकुरिया थाना रंगनाथ नगर निवासी रवि कोल पिता राजू कोल 28 वर्ष के विरुद्ध जिलाबदर की कार्यवाही करते हुए जिले की राजस्व सीमा सहित समीपवर्ती जिलों की राजस्व सीमाओं से 6 माह की अवधि के लिए निष्कासित कर दिया है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर की है

रवि एक असामाजिक तत्व एवं आदतन अपराधी है। इसके विरुद्ध थाना रंगनाथ नगर, कोतवाली, जीआरपी कटनी क्षेत्र में आमजन के साथ गाली गलौज , मारपीट करना गंभीर घटना कारित करना, अवैध शस्त्र कब्जे में रखना, शराब पीने के लिये अवैध रुपये की मांग करना न देने पर मारपीट कर चोट पहुंचाना , चोरी की योजना बनाना, गांजा जैसा मादक पदार्थ कब्जे में रखना जैसे 10 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किये जाकर विवेचना उपरांत आरोप पत्र न्यायालय पेश किये गए है जो वर्तमान में विचाराधीन है।

रवि के विरूद्ध उसकी आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिये समय-समय पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां की गई है परन्तु इसके आचरण में कोई सुधार परिलक्षित नहीं हुआ है। रवि की आपराधिक गतिविधियों के कारण एवं उसका आपराधिक कृत्यों से आमजनो का स्वच्छंद विचरण करना मुश्किल हो गया है तथा आम जनता के लिये आतंक का पर्याय बन चुका है। रवि के उपनगरीय क्षेत्र रंगनाथ नगर जिला कटनी में मौजूद रहने से आमजनों के लिये भय एवं आतंक का वातावरण निर्मित होने के कारण रवि के विरुद्ध मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिला बदर कार्यवाही की गई है।

## खबर संक्षेप

### कारण बताओ नोटिस जारी

**दमोह।** सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा ने डाटा एंट्री ऑपरेटर जनपद पंचायत दमोह खुशबू गांगरा को कारण बताओ नोटिस जारी किया हैं। उन्होंने कहा आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के कारण वे बिना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के अवकाश पर जाने के कारण क्यों ना आपकी संविदा सेवा समाप्त की जाए। उन्होंने कहा आप अपना स्पष्टीकरण 24 घंटे में प्रस्तुत करें।

### देवतरा सहित अन्य गांव की आग पर पाया गया नियंत्रण

**दमोह।** वनमण्डलाधिकारी एम एस उईके ने बताया माला के जंगल अधिक घने जंगल है, जहाँ आस पास काफी रहवास क्षेत्र भी है। यहां के लोग जंगल मे लकड़ी बीनने, पशुओं को चराने आदि कार्यो हेतु जंगल जाते है। उन्होंने कहा आग लगने पर स्टॉफ को पता चलता है तब सम्बंधित स्टॉफ चौकीदारो तथा अग्नि प्रहरी को लेकर आग बुझाने जाते है। कई बार जंगल के पहाड़ ऐसे छरित रहते है जहाँ पर पहुंच पाना नामुमकिन रहते है। ऐसी परिस्थिति में कुछ समय इंतजार कर आग को उस हिस्से तक पहुंच कर बुझाया जाता है जहाँ पर पहुँच बन सके। उन्होंने बताया देवतरा की आग 2 दिन पहले ही बुझा दी गई थी तथा माला की आग पर कल नियंत्रण पाया गया।

### आग में जलकर खाक दुकान और मकान

**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ थाना अंतर्गत बरियारपुर रोड के तहसील तिराहा में बीती रात एक गरीब परिवार की दुकान व मकान में आग लगने से दुकान में रखी 2 झाल चप्पलें एवं लगभग 50 रजाइयों सहित सिलाई मशीन पंखा एवं गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया है। घटना के संबंध में पीड़ति अनूखा बानो और रज्जब खान ने बताया कि बीती रात वह जब अपने दूसरे घर में चले गए थे तभी रात लगभग 11 बजे सूचना मिली कि घर में आग लग गई है। मौके पर पहुंचे तो दुकान एवं मकान धू-धू कर जल रहा था। पुलिस और फायर ब्रिगेड के द्वारा आग को काबू में करने का प्रयास किया जा रहा था। मौके पर काफी भीड़ लगी थी। जब तक आग काबू हुई दुकान एवं मकान के सामान सहित एक बछिया भी जलकर खाक हो चुकी थी। पीड़ति अनूखा बानो और रज्जब खान ने बताया कि कुछ लोग आए दिन बगल की झोपड़ी में आकर देर रात तक शराब पीते हुए अश्लील गाली-गलौज करते थे जिन्हें रोकने पर आग लगाकर तबाह करने की धमकी दी गई थी



## जागेश्वरनाथ के साथ खेली फूलों की होली

**बनवार।** बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र श्री देव जागेश्वर नाथ महादेव की ख्याति पूरे भारत वर्ष फैली हुई जहां पर जागृत स्वयंभू दिव्य और भव्य शिवलिंग विराजमान है जैसे ही होली की शुरुवात हुई देव श्री जागेश्वरनाथ महादेव मंदिर में भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया। इस दौरान शिव भक्तों द्वारा धूमधाम से रंगोत्सव मनाया गया और महादेव के साथ शिवभक्तों ने विविध फूलों के संग होली खेली। और बांदकपुर धाम के सौंदर्य करण कॉरिडोर निर्माण के संकल्प को दोहराया। शिव भक्तों ने भगवान को फूल गुलाल अर्पित कर जमकर होली खेली। यहां पर होली की परमा को बीते एक दशक होली खेलने की परंपरा शिवभक्तों के द्वारा । यहां पर शिव भक्त स्वयंभू दिव्य शिवलिंग को गुलाल, फूलों अभिषेक करते हैं। हर साल शिव भक्त यहां आकर भगवान के साथ होली खेलकर आर्शीवाद लेते हैं।

## बड़े बाबा के रंग में रंगने जुड़ा भक्तों का सैलाब

### हजारों भक्तों ने किया बड़े बाबा का अभिषेक

**कुंडलपुर।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र जैनतीर्थ कुंडलपुर में धुलेड़ी के पावन पर्व पर बड़ी संख्या में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा ।इस अवसर पर पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक करने देश के विभिन्न अंचलों से हजारों भक्त जुटे ।होली के रंग में रंगने से बचने भक्त श्रद्धालुओं की भीड़ सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर पहुंची।बड़े बाबा के दर्शन, पूजन ,अभिषेक कर बड़े बाबा के रंग में रंग कर धन्य हो गए ।इस अवसर पर कुंडलपुर में विराजमान लगभग 30पिच्छी साधु, साध्वियों के दर्शन कर, आहार देकर अहो भाग्य माना । संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य मुनि श्री विनम्र सागर जी महाराज ने अभिषेक शांतिधारा के



पहले प्रवचन देते हुए कहा आचार्य श्री का सपना था बड़े बाबा के दर्शन सभी को सहजता से हों। छोटे-छोटे दानदाताओं ने इतना विशाल बड़े बाबा का मंदिर बनाकर खड़ा कर दिया ।गुरुदेव के कार्यों को आगे बढ़ाना हम सभी का कर्तव्य है मात्र 100 ग्राम चांदी हर माह देकर वर्ष भर में 1 किलो 200 ग्राम चांदी आप बड़े बाबा के परिकर के वैभव को बढ़ाने में दान कर सकते हैं ।दान की परंपरा में चांदी देकर गुरुदेव के सपने को पूरा करें ।गुरु के प्रति अपने कर्तव्यों को पूर्ण करें ।गुरुदेव भी इस महोत्सव को देख रहे होंगे ,आशीर्वाद दे रहे होंगे। बड़ी संख्या में बड़े बाबा के भक्तों ने 1 किलो 200 ग्राम चांदी दान करने का भाव बनाया और अभिषेक शांति धारा करने का सौभाग्य अर्जित किया । इस अवसर पर प्रथम अभिषेक, शांति धारा, रिद्धिमंत्र कलश ,छत्र चवंर आरती ,अभिषेक करने का सौभाग्य मयंक पर्व श्वेता श्राविका जैन परिवार शामली ,आकाश संयम नूपुर मान्या परिवार शामली, वैभव सतीश रितिका शुची संभव अरुण साधना परिवार शामली ,मयंक जैन अरुण जैन शामली ,प्रदीप संयम जैन सहारनपुर ,वैभव जैन गाजियाबाद ,रविंद्र गौरव पारस वरुण जैन आगरा ने सौभाग्य पाया।

### पंचायती राज विभाग में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़े तालाब नवीनीकरण कार्य

# तालाबों के जीर्णोद्धार नवीनीकरण पर खर्च हुए लाखों, नहीं रुका बूंद पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार





सरकार ने मवेशियों को पीने के पानी और दैनिक उपयोगी जल की जरूरतों की पूर्ति के लिए आम जनता के कल्याण के लिए जिस तरह से ग्रामीणों क्षेत्रों के तालाबों नवीनीकरण जीणोद्धार की योजना के तहत लाखों रुपया खर्च किए लेकिन इस योजनाओं का भ्रष्टाचार के चलते पंचायती राज विभाग के अफसर दम निकाल देने पर अमादा है। भीषण गर्मी के समय ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट और गिरते जल स्तर की समस्या से निपटने के लिए जंप जबेरा की ग्राम पंचायत डूमर के गांव बड़गुंवा में तीन तालाब निर्माण करवाया गया था जिसमें से सदर तालाब तीन चार वर्ष से तालाब फूटा पड़ा है वही हरिजन कॉलोनी पूर्व एवं पश्चिम दिशा बने दोनो तालाब के जीणोद्धार एवं नवीनीकरण के नाम पर ग्राम पंचायत के द्वारा वर्ष 2023-24 में करीब ₹6लाख खर्च किया है लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी की इन तालाबों में बूंद पानी नहीं और फूटे पड़े तालाबों में धूल उड़ रही है दिलीप सिंह बताते है यहां इतना घटिया स्तर का काम सचिव द्वारा करवाया गया लाखों रु खर्च करने के वावजूद बूंद पानी टिक ही नहीं रहा है।

पड़ताल की गई तो तीनों तालाब में एक बूंद पानी नहीं इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि तालाब नवीनीकरण और जीणोद्धार में ग्राम पंचायत के द्वारा किस तरह से भ्रष्टाचार किया गया है और हरिजन कॉलोनी के दोनों साइड तालाबों में पानी नहीं टिक रहा क्योंकि तालाबों की जीणोद्धार और नवीनीकरण कार्य सिर्फ कागजों पर करवाया कर सामग्री के नाम लाखो रु का बंदरबांट सचिव के द्वारा करवाया जो पहली वारिश में फूट गए है ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि तालाबों की जीणोद्धार नवीनीकरण पर लाख रूपए को पानी की तरह बर्बाद किया गया है। और अगर बर्बाद नहीं किया गया है तो तालाब में पानी क्यों नहीं टिकता है। इस पूरे मामले पर हास्यास्पद बात यह है कि इन तालाबों के नवीनीकरण जिर्णोद्धार मैं हुए भ्रष्टाचार की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को होने के बाद भी न तो इन तालाबों की मरम्मत करवाई जा रही है और न तालाबों की नवीनीकरण जिर्णोद्धार कार्य में हुए भ्रष्टाचार की जांच करवाई जा रही है नतीजन आज इन तालाबों में पानी का नामओ निशान नहीं है जिसके चलते मवेशियों तक को पीने के पानी का संकट बना हुआ है

ग्राम पंचायत डूमर सचिव रामसिंह का कहना है तालाबों के नवीनीकरण जीणोद्धार के कार्य पूरा सरपंच सचिव के कार्यकाल के मेरे कार्यकाल में कुछ काम नही हुआ। तालाबों का शेष कार्य के लिए ग्राम पंचायत में मुनादी करवाई गई है। मजदूर काम करने के लिए नहीं मिल रहे है जिसका पंचनामा हमारे पास है क्या करें तालाबों के फूटे पड़े होने से मवेशियों को पीने के पानी का संकट बना हुआ यह बात सही है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में गहराया जलसंकट



**मडियादो।** मार्च में ही क्षेत्र में जलसंकट बढ़ गया है। मडियादो सहित वर्धा में ग्रामीण जल संकट का सामना कर रहे है। पानी के लिए ग्रामीण हैंडपंप पर 6 घंटे तक इंतजार कर रहे है तब पानी मिल पाता है। मडियादो में नल जल योजना से ग्रामीणों को सफ्ताह में एक दिन में चंद लीटर पानी ही मिल पा रहा है। वही कुछ नलजल योजना की लाइन में महीनों से पानी नही पहुंच रहा। वही कुछ मुहल्ले नल जल योजना सचलित न होने के कारण कुआ और हैंडपंप पर आश्रित है । पाताल गए गए पानी को हैंडपंप से निकालना ग्रामीणों के लिए लोहे के चने चबाने जैसा है। ग्रामीणों द्वारा समय समय पर पानी की मांग की गई मगर नतीजा सिफर रहे। पिछले तीन साल से पानी की मांग को लेकर दर्जनों की संख्या में सीएम हेल्पलाइन, ज्ञापन और आंदोलन हुए । पानी की मांग को लेकर हुए आंदोलन दौरान घटनाओं में आधा दर्जन से अधिक युवाओं पर केस दर्ज किया गया मगर पानी की यह लड़ाई सफल नहीं हुई ।वही जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी पानी की समस्या का स्थाई समाधान करने में विफल है। गिरते जल स्तर के कारण पानी की किल्लत बन रही है। वही वर्धा में दो सौ से अधिक परिवार एक हैंड पंप के सहारे है। वर्धा में हैंडपंप पर अल सुबह से ही पानी भरने वाले लोगो की कतारें लग जाती है और यह कतार देर रात तक लगी रहती है। ग्रामीणों के अनुसार वर्धा में बस स्टेंड सहित अन्य स्थलों के हैंडपंप खराब है जिसके कारण ग्रामीण पानी के लिए परेशान है।

## वूमेन क्लब ने मनाया होली मिलन



**दमोह।** वूमेन वेलफेअर सोसाइटी का होली मिलन समारोह गणेश पुरम में मनाया गया। जिसमें सभी सदस्यों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया और गले मिल शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में लकी फनी गेम नाच गाने के साथ सभी ने हर्ष के साथ पर्व मनाया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक स्वल्पाहार से किया गया। जिसमें क्लब की अध्यक्षा श्रीमति कल्पना श्रीवास्तव, संचालिका निधि श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का आयोजन नीलम तिवारी, रचना असाटी, रेनू शिवहरे, ज्योति, काजल राय, मंजू शर्मा, अल्का शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी सदस्यों की उपस्थति रही।

## पुलिस चौकी में जमकर खेली होली




**फतेहपुर।** होली पर्व के अगले दिन पुलिसकर्मियों के द्वारा जमकर होली खेली गई। इस अवसर पर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। और होली गीतों पर जमकर डांस किया। इस मौके पर फतेहपुर चौकी प्रभारी नागेंद्र सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक केवल नारायण मिश्रा, आरक्षक गिरीश, धर्मेंद्र रामकिशोर, नगर सैनिक सरमन के साथ अन्य पुलिसकर्मियों की भी उपस्थित रही। होली के पहले दिन लोग बड़ी संख्या में अजब धाम पहुंचे जहां छोटे सरकार को तिलक लगाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद टोलिया बनाकर गाजे बाजे के साथ होली के गीत गाते हुए गांव की गलियों में निकले।

## लॉटरी द्वारा प्रवेश चयन प्रक्रिया हुई संपन्न

**दमोह।** सीएम राईज विद्यालय दमोह में प्रवेश हेतु लॉटरी के माध्यम से कक्षा 6 हिंदी माध्यम में 137 आवेदन एवं अंग्रेजी माध्यम में 275 आवेदन प्राप्त हुए थे। आवेदन निःशुल्क था। चयन प्रक्रिया में लगभग 500 से अधिक अभिभावक उपस्थित हुए, जिनके समक्ष प्रवेश प्रक्रिया संपन्न की गई। कक्षा 1 के लिए 30, कक्षा 5 के लिए 6 और कक्षा 6 हिंदी माध्यम के लिए 8, अंग्रेजी माध्यम के लिए 40 सीटों पर लॉटरी प्रक्रिया संपन्न की गई, जिसमें पंजीयन क्रमांक के अनुसार पर्चियो को पारदर्शी बर्तन में डालते हुए प्रक्रिया की गई। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में पालकों को दस्तावेज सत्यापन मिलान की जानकारी दी। इसके साथ उपस्थित नागरिकों के बीच विद्यालयीन उपलब्धियां से अवगत कराया गया।

## फाग उत्सवः श्री राधा कृष्ण राम दरबार में भक्तो ने खेली फूलों और गुलाल से होली



**बनवार।** स्थानीय खेर माता दरबार श्रीराम कृष्ण भक्त मंडल द्वारा फाग उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में श्रीरामकृष्ण दरबार सजाया गया। भक्तों ने विशेष पूजन किया। रात 8 बजे से शुरू हुई महाआरती भजन संध्या मे बुंदेलखाड की प्रसिद्ध स्थानीय भजन गायिका लक्षी लक्ष्मी ठाकुर व नोने सिंह ठाकुर ने भजनों व फाग गीतों की देर रात्रि तक प्रस्तुति दी। बता दें फाग उत्सव की शुरुवात श्री राम दरबार कृष्ण दरबार में सुबह की आरती के साथ हुई जिसमें भक्तो ने नाच-गाकर सहभागिता की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्त एकत्रित हुए जिन्होंने श्रीकृष्ण-राधा श्री राम दरबार में फूलों गुलाल की होली खेलने का आनंद लिया। उल्लेखनीय रहे युवा भक्त मंडल बनवार में फूल गुलाल फाग उत्सव मनाने की परम्परा शुरु की, जिनके साथ महिलाओं पुरुष युवाओं बच्चो ने फूलों की होली खेलते हुए जमकर नृत्य भी किया। इस मौके पर संध्या भारती भजन-कीर्तन भी आयोजित किए गए। पंडित ऋषिकांत गर्ग शास्त्री ने बताया बनवार खेर माता मंदिर परिसर में स्तिथ श्री राधा कृष्ण श्री राम दरवार फाग उत्सव मनाने की शुरुवात भक्तो द्वारा की गई जिसमें होली उत्सव की सुबह आरती के साथ रंग गुलाल से होली मनाई। और संध्या आरती के तत्पश्चात भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें फूलों की होली धूमधाम से मनाई गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग उत्सव में शामिल होकर भगवान श्री राधा कृष्ण श्री राम दरबार में फूलों की होली खेल कर भगवान का आशीर्वाद लिया।

# अरुण जैन बने जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह क्षेत्र क्रमांक 10 का निर्वाचन संपन्न हुआ जिसमें अरुण जैन अध्यक्ष मनोनीत किया गया। दिनांक 24 मार्च 2024 को निर्वाचन हेतु बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महावीर प्रार्थना की गई ,तत्पश्चात चुनाव की कार्यवाही शुरू की गई । जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह के चुनाव संपन्न कराने के लिए निर्वाचन समीति का गठन किया गया था जिसमें अतिवीर राकेश जैन हरदुआ अतिवीर प्रमोद जैन बड़कुल ऐवं वीर राकेश जैन पलंदी को निर्वाचन समीति में शामिल किया गया था।

निर्वाचन समीति ने निस्पक्क्ष निर्वाचन हेतु नियमावली प्रकाशित की गई थी। जिसके अंतर्गत दिनांक 21 मार्च दिन गुरूवार तक सभी सदस्यों को बार्षिक सदस्यता शुल्क जमा करना अनिवार्य था। 45 सदस्यों से प्राप्त सदस्यता शुल्क के अनुसार वोटर लिस्ट प्रकाशन 21मार्च को किया गया। तद्उपरांत 22 मार्च रात्रि 10 बजे तक नवीन सत्र हेतु अध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवारों के नाम पर प्रस्ताव आमंत्रित हैं। प्रस्ताव चुनाव अधिकारी के पास दो समर्थकों के एवं दो प्रस्तावकों के नाम , वोटर लिस्ट क्रमांक ऐवं दस्तखत सहित हो ऐसा प्रयास किया गया। 23 मार्च नाम वापसी की तारीख थी उक्त जानकारी देते हुए राकेश जैन पलंदी ने बतलाया कि चुनाव में यह बात का ध्यान रखा गया है कि प्रणाली पूर्ण शांति पूर्वक ऐवं सभी की सहमति से हों ऐसा प्रयास किया गया था। जैन मिलन की परंपरा अनुसार ही प्रत्येक पद पर ऐक ही फार्म प्राप्त हुआ था। जिसपर प्रतिक्रिया करते हुए कल ऐक ब्रहद बैठक कर नवीन सत्र के लिए अध्यक्ष मंत्री ऐवं कोषाध्यक्ष का निर्विरोध निर्वाचिन किया गया जिसमें अरुण जैन को अध्यक्ष मुकेश जैन मम्मा को मंत्री ऐवं सचेंद्र जैन को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। सभी उपस्थित सदस्यों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। वहीं पुराने अध्यक्ष सुधीर जैन डवलू के कार्यकाल में लगातार तीसरी बार दमोह जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा को क्षेत्र क्रमांक 10 की सर्वश्रेष्ठ शाखा मनोनीत होने बधाई दी गई। ऐवं सम्मान किया गया। शाखा के मंत्री ऐवं कोषाध्यक्ष ने गत बर्ष का आय-व्यय पत्रक ऐवं मंत्री प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से जिनेन्द्र उस्ताद, जवाहर जैन विकल्प जैन, आनंद जैन सुभाष बमोरया, शैलेन्द्र मयूर दिलेश चौधरी, संतोष अविनाशी, जवाहर जैन, महेश दिगंबर, रज्जन जैन सन्मति राजकुमार जैन तारण अरुण प्रधान, विकास जैन, राजेश हिनोती, संजीव शाकाहारी, शैलेन्द्र बजाज शैलेन्द्र सिंघई, शैलेन्द्र सराफ , महेंद्र जैन, आलोक पलंदी राकेश जैन हरदुआ आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। तदुपरांत सभी वीर वंधुओ ने पूर्व पदाधिकारियों को विदाई देते हुए उनके कार्यो की सराहना की एवं उन्हें बहुत बधाइयां दी।विगत वर्ष में क्षेत्र क्रमांक 10 की सर्वोच्च शाखा के रूप में जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा को सम्मानित करने पर आभार प्रदर्शन किया गया। सभी ने विगत वर्ष में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए नव निर्वाचित पदाधिकारी को आगे भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरणा दी।

## आचार संहिता की चलते थाने में हो रहे लाइसेंसी हथियार जमा

**हटा।** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगते ही पुलिस ने लाइसेंसी हथियारों को जमा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है कलेक्टर के आदेश के बाद अभिक्रिया चालू हो गई है और हटा थाना क्षेत्र में लगभग 200 लाइसेंस हथियार हैं जिनमें बुधवार 27 मार्च तक 50% ही लाइसेंसी हथियार जमा हो पाएं हैं और कुछ पहले से थाने में जमा है। चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार लाइसेंस सी हथियारों को आचार संहिता के दौरान पुलिस थाने में जमा करना अनिवार्य है जिसके परिपालन में हटा पुलिस इन लाइसेंसी हथियारों को पुलिस थाने में जमा करने की प्रक्रिया चल रही है।

### पुलिस की चुनौती बने अनगिनत अवैध हथियार

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस लाइसेंसी हथियारों को तो थाने में जमा करा रही है लेकिन हटा थाना क्षेत्र में ऐसे कई लोगों के पास अनगिनत अवैध हथियार हैं जो कि चुनाव के दौरान माहौल खराब कर सकते हैं अवैध हथियारों पर पुलिस का शिकंजा कमजोर नजर आ रहा है।

## देवदूत बनकर पहुंच रही एंबुलेंस

**हटा।** स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में बीते कुछ सालों पहले तक मध्य प्रदेश की पहचान बीमार राज्य के रूप में थी लेकिन अब समय बदल चुका है। बात चाहे गंभीर बीमारियों की हो या दुर्घटनाओं की सरकारी व्यवस्थाओं के चलते चंद मिनट में पीड़ित को बेहतर से बेहतर इलाज देने की कोशिश की जा रही है। हादसे के वक्त मौके पर जाकर मरीज को मदद देने से लेकर अस्पताल में मौत को मात देने तक का काम पलक झपकते ही 108 एंबुलेंस कर्मी देवदूत बनकर कर रहे हैं। यह काम उन सभी सेवा में सुधार करने पर हुआ है जो स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए की जा रही है इन्हीं में से एक है 108 आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा। ऐसा ही एक ताजा उदाहरण मंगलवार की दरमियानी रात्रि देखने को मिला जहां हटा से विनती मड़यिादो मार्ग पर कनकतला पुलिया के पास बाइक चालक युवक अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हो गया, रात करीब 2 बजे हटा की ओर से लौट रहे 108 पायलट दिनेश यादव और ईएमटी शेख अजहर ने सड़क किनारे प्लेटिना बाइक पड़ी देख गाड़ी रोकी तो खेत मे पड़े युवक के चीखने की आवाज आई जिसके बाद 108 स्टाफ ने युवक को उठाकर सिविल अस्पताल हटा भेजा। जहां घायल की पहचान छोटू पटेल निवासी मड़यिादो के रूप में हुई है,जो खेत की तार फेसिंग मे फंसकर बुरी तरह घायल हुआ है। लेकिन शुक्र है कि 108 आपातकालीन एंबुलेंस सेवा का कि अगर जिसका समय पर इलाज ना हुआ होता तो घायल युवक का न जाने क्या हाल हो जाता। 108 पायलट दिनेश यादव और ईएमटी शेख अजहर का कहना है कि हम लोगों की कोशिश यही रहती है कि मरीज व दुर्घटनाओं में घायल हुए लोगों को सही समय से अस्पताल पहुंचाया जा सके इस बीच कोई ट्रीटमेंट की जरूरत होती है तो वह भी देते हैं, मरीज को ले जाने में पूरी एहतियात बरतते हैं।

**खबर संक्षेप**

## मरीजों के लिये अधिक से अधिक सुविधा उपलब्ध कराई जाये - कलेक्टर श्री कोचर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज प्रातः जिला चिकित्सालय का आकस्मिक जायजा लिया। उन्होंने जिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर व्यवस्थायें देखी और संतोष व्यक्त किया। कलेक्टर श्री कोचर ने डॉक्टर्स से कहा मरीजों के लिये अधिक से अधिक सुविधा उपलब्ध कराई जायें खासतौर पर बाहर से आने वाले मरीजों को बेहतर उपचार की सुविधा मिले। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सौरभ गंधर्व, सिविल सर्जन डॉ राजेश नामदेव, आर.एम.ओ डॉ विशाल शुक्ला सहित अन्य चिकित्सीय टीम मौजूद थी। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जिला चिकित्सालय का मेरा पहला निरीक्षण था। सिविल सर्जन और डॉक्टर्स के साथ सारे वार्ड और सारी सुविधाओं का भ्रमण किया है, अनेक व्यवस्थाएं अच्छी और संतोषजनक मिली है। जहां पर इंप्रूवमेंट की गुंजाइश है वहां पर आवश्यक निर्देश दिए हैं, लगातार इस पर निगाह रहेगी। उन्होंने कहा हमारा प्रयास यह रहेगा की टीम के रूप में हम यहां पर बड़े परिवर्तन लेकर आए, परिवर्तन ऐसे हो कि जो पूरे जिले से जनता यहां पर आती है उसके लिए अधिक से अधिक सुविधा, बेहतर उपचार की व्यवस्था उन्हें मिल सके यही हमारा उद्देश्य है और इसी को लेकर के हम काम करेंगे।

## 31 मार्च तक अवकाश दिवसों में समस्त पंजीयन कार्यालय खुले रहेंगे

**दमोह।** जिला पंजीयक मोनिका नवरंग ने बताया है कि 31 मार्च 2024 तक समस्त अवकाश दिवसों में जिले के समस्त पंजीयन कार्यालय दस्तावेजों के पंजीयन (रजिस्ट्री कार्य) एवं समस्त शासकीय कार्य हेतु आमजन की सुविधा के लिये खुले रहेंगे।

### अभ्यर्थी के साथ सिर्फ चार लोग, 100 मीटर तक तीन वाहन की अनुमति

# लोस निर्वाचनः आयोग के प्रोटोकोल अनुसार आज से भरे जायेंगे नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

लोकसभा निर्वाचन 2024 की अधिसूचना जारी होने के बाद दमोह लोकसभा क्षेत्र-07 के लिये नामांकन प्रारंभ होने की तिथि 28 मार्च प्रातः 11 बजे से लेकर अपरान्ह 03 बजे तक नामांकन स्वीकार किये जायेंगे। नामांकन पत्रों को भरने की अंतिम तिथि 04 अप्रैल है, 05 अप्रैल को नामांकन पत्रों की स्कूटनी होगी और 08 अप्रैल तक नाम वापिस लिये जा सकेंगे। इस प्रकार नामांकन की संपूर्ण प्रक्रिया है, वह 28 मार्च से 08 अप्रैल तक संपन्न होगी। इसके बाद 26 अप्रैल को मतदान, 04 जून को गिनती और 06 जून को चुनाव संपन्न हो जाएगा। कलेक्टर कार्यालय में रिटर्निंग ऑफीसर के कक्ष क्रमांक 43 में नामांकन पत्र जमा करने की पूरी व्यवस्था की है। इस आशय की बात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने आज मीडियाजनों से चर्चा करते हुये कही। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने कहा प्रोटोकॉल के अनुसार व्यवस्था की गई है, जो चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित किया गया है, इसके अंतर्गत अभ्यर्थी के साथ 04 लोग इस प्रकार कुल 05 लोग नामांकन फॉर्म जमा करने के लिये आने की अनुमति होगी। रिटर्निंग आफीसर कार्यालय से 100 मीटर की दूरी तक 03 वाहन आ सकेंगे, 100 मीटर की दूरी में किसी को आने की अनुमति नहीं होगी। कलेक्टर कार्यालय के सामने बेरिकेटिंग के सारे प्रबंधन किये गये है और इस बात का पूरा ध्यान रखा गया है, कि आम जनता को किसी प्रकार की तकलीफ न हो।

लोकसभा निर्वाचन 2024 अभ्यर्थियों से संबंधित महत्वपूर्ण बिन्दु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने कहा नाम निर्देशन प्रारूप 2क के साथ शपथ पत्र प्रारूप 26 होना आवश्यक है, न्यूनतम आयु संवीक्षा की तिथि को 25 वर्ष पूर्ण होना चाहिये, निर्वाचन में भाग लेने के लिये अभ्यर्थी को शुल्क 25000 (अंकन पच्चीस हजार रूपये), अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के लिए 12500 (अंकन बारह हजार पांच सी रूपये) निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही अभ्यर्थियों के लिए व्यय सीमा 95 लाख रूपये निर्धारित की गई है। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के प्रस्तावक संख्या-1, अन्य अभ्यर्थियों के लिए प्रस्तावको की संख्या-10, यदि अभ्यर्थी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के बाहर का है, तो मतदाता सूची की सत्यापित प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है। आवेदन फार्म कलेक्टर न्यायालय, कलेक्ट्रेट परिसर में निर्धारित तिथियों में तीन बजे तक जमा किये जाएंगे, निर्वाचन व्यय हेतु अभ्यर्थी का पृथक से बैंक खाता होना आवश्यक हैं।

## यातायात व्यवस्था हेतु प्रस्तावित नया बस रूट चार्ट जारी




यातायात व्यवस्था हेतु प्रस्तावित नये बस रूट चार्ट अनुसार जबलपुर/तेंदूखेडा के लिये निर्धारित रूट अनुसार यात्री बस, बस स्टैण्ड, किल्लाई नाका, कलेक्ट्रेट एवं मारूताल से होते हुये जायेंगी और आयेंगी। इसी प्रकार कटनी/हिण्डोरिया/पटेरा के लिये रूट बस स्टैण्ड, किल्लाई नाका, कलेक्ट्रेट, बेलाताल एवं धरमपुरा, सागर के लिये रूट बस स्टैण्ड, किल्लाई नाका, केन्द्रीय विद्यालय, कृष्णा हाईटस से पावर ग्रिड होकर चलेंगी। इसी तरह पन्ना,छतरपुर, हटा के लिये बस स्टैण्ड, किल्लाई नाका, तीन गुल्ली, सरदार वल्लभ भाई पटेल ब्रिज से मुक्तिधाम चौक होते हुये जायेंगी एवं आयेंगी। बस स्टैण्ड से निकलने वाली समस्त यात्री बसें शहर के अंदर बस स्टैण्ड के अलावा अन्य किसी स्थान से यात्री को न उतारेगा न चढायेगा।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में अपर कलेक्टर मीना मसराम, एसडीएम दमोह राजललन बागरी, सीएसपी अभिषेक तिवारी, परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी, यातायात प्रभारी दलबीर सिंह मार्को सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं सुरक्षा समिति के सदस्यगण मौजूद थे। कलेक्टर श्री कोचर ने नगर में पार्किंग व्यवस्था हेतु स्थल निरीक्षण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा आज जिला सड़क सुरक्षा एवं यातायात समिति की बैठक आयोजित की गई है। यातायात संबंधी एक बड़ी समस्या शहर में है, जो मुख्य मार्ग है जहां से बसें अलग-अलग गंतव्य के लिए रवाना होती है, वहां पर बहुत ज्यादा ट्रैफिक कंजेशन होता है जिसके कारण एक्सीडेंट्स होते हैं जिसके लिए आज बैठक में कुछ अल्टरनेटिव रास्ते सुझाए हैं, इस पर बस ट्रांसपोर्टर ने भी अपनी सहमति दी है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा एक बार हम लोग पूरे रास्तों का एक फिजिकल वेरिफिकेशन नगर पालिका अधिकारी, एसडीएम, ट्रैफिक पुलिस और एसडीओपी एवं सीएसपी कर रहे हैं इसके बाद हम नई व्यवस्था को अगले हफ्ते में लागू करने का प्लान कर रहे हैं और यदि यह सफल हो जाता है, तो ऐसी स्थिति में शहर के मुख्य बाजार तथा वहां पर बसों के आवागमन से होने वाले कंजेशन से लोगों को निजात मिल सकेगी। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने भी यातायात व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा नगर की यातायात व्यवस्था में कहीं व्यवधान नहीं होना चाहिये। इस मौके पर यातायात समिति के सदस्यों ने भी वाहन पार्किंग, यातायात आदि के संबंध में अपने सुझाव रखे।

# दो आरोपियों ने टाइगर रिजर्व में लगाई आग, 13 हेक्टेयर भूमि जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व सागर के अंतर्गत गेम परिक्षेत्र झापन की बीट आर.एफ 140 (323) पी.एफ 143, 144 में अनाधिकृत रूप से जाकर प्रतिबंधित क्षेत्र में दिनांक 23 मार्च को दो लोगों द्वारा जंगल मे वन भूमि पर आग लगाई जा रही थी। इसी दौरान बीट में अग्नि सुरक्षा श्रमिक दशरथ पिता रूपसींग गौड़ हाल मुकाम झापन मौके पर पहुंचे जिन्हें देखकर आरोपी भाग खड़े हुए लेकिन उनकी पहचान वन सुरक्षा श्रमिक द्वारा कर ली गई। संपूर्ण घटना की जानकारी सुरक्षा श्रमिक द्वारा अपने वन अधिकारियों को दी गई। जिसके बाद पहले अज्ञात लोगों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला पंजीबद किया गया। इसके बाद जाँच उपरांत यह पाया गया कि सोनेसींग पिता राजाराम गौड़ उम्र लगभग 36 वर्ष एवं जसवेन्द्र पिता टेकसींग गौड़ उम्र लगभग 23 वर्ष द्वारा वन भूमि में आग लगाई गई। जंगल में लगाई इस आग से लगभग 13 हेक्टैयर का वन क्षेत्र जल गया। इसके बाद दिनांक 26 मार्च को दोनों आरोपियों को बयान के आधार पर ग्राम उन्हारीखेड़ा थाना तारादेही से पकड़कर गेम परिक्षेत्र झापन लाया गया जहां पर पूछताछ के दौरान दोनो आरोपियों ने अपना आरोप स्वीकार किया। जिसके बाद अज्ञात वन अपराध क्रमांक 5466/22 दिनांक 23. मार्च 2024 को उक्त आरोपियों के नाम से पंजीबद्ध किया गया है। इसके बाद दिनांक 27 मार्च को दोनो आरोपियों को न्यायालय दमोह के समक्ष पेश किया जा रहा है। उक्त कार्रवाई के दौरान गेम परिक्षेत्र अधिकारी कार्रवाई रेंजर टीआर भलावी ,डिप्टी रेंजर फूलसीग रजक, वनरक्षक तीरवेद्र ठाकुर ,सुजीत सैनी ,सुंदर लाल जैन, सुरक्षाकर्मी दशरथ सिंह ठाकुर ,शिवदयाल यादव सरगम लोधी, ओमप्रकाश धुर्वे ,राजेश गौड़ रहे।

# बोलेरो पेड़ से टकराने से चार की मौत

**दमोह।** पटेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार शाम एक तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित होने के बाद सड़क से उतरकर पेड़ से टकरा गई थी। टक्कर इतनी जबरदस्ती की पेड़ का आधा तना टूट गया था वही बोलोरो गाड़ी के सामने से परख्च्चे उड़ गए थे। तथा गाड़ी को चला रहे युवक के अलावा तीन अन्य लोग बुरी तरह से घायल हो गए। होली के रंग में सरोवर नजर आ रहे गाड़ी में फंसे लोगों को राहगीर तथा स्थानीय लोगों ने जैसे-जैसे बाहर निकाल कर पुलिस 100 डायल एंबुलेंस को सूचना दी गई। बाद में इन को बेहद गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया था। जहां एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया कुछ देर बाद एक अन्य की भी मौत हो गई। वही प्राथमिक उपचार के बाद दो को जबलपुर रेफर कर दिया गया था। लेकिन जबलपुर पहुंचने के पहले ही देर रात एक घायल की मौत की खबर भी सामने आ गई। इधर मंगलवार को चौथे व्यक्ति की भी जबलपुर में मौत हो गई, वहीं एक अन्य घायल का इलाज जारी है। बोलेरो हादसे में गंभीर चार घायलों में रघूवीर पिता चित्तर सिंह निवासी हरपालपुरा एवं थम्मन सिंह पिता चित्तर हरपालपुरा को जिला अस्पताल में मृत घोषित कर दिया था। साथ ही थान सिंह निवासी बेला की मौत हो जाने की जानकारी सामने आई। वही प्प्पू उर्फ दिलीप सिंह तथा रमाकांत पिता दामोदर तिवारी हरपालपुरा को जिला अस्पताल से जबलपुर रेफर किया गया था। लेकिन रास्ते में रमाकांत तिवारी की सांसे थम गई। वहीं दिप्पू उर्फ दिलीप सिंह निवासी देवडोंगरा को गंभीर हालत के चलते रेफर किया गया था जिसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है।



## तेज रफ्तार कार डिवाईडर से टकराई चार घायल

**दमोह।** मंगलवार की रात शहर के सागर नाका क्षेत्र में बड़ा अमंगल होते-होते टल गया। एक तेज रफ्तार कर अनियंत्रित होने के बाद डिवाइडर से टकराकर पलट गई लेकिन बजरंगबली की कृपा से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हालांकि हादसे में चार लोग घायल हो गए जिनका इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना के संदर्भ में प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़ी देवरी क्षेत्र निवासी ठाकुर परिवार के लोग मारुति अल्टो कार क्रमांक एमपी 49 कि 4357 से दमोह नगरीय क्षेत्र में प्रवेश कर रहे थे। इसी दौरान उनकी कार सागर नाका चौकी नर्सरी के पास अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई तथा कार में फंसे लोगों को निकाल कर जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका इलाज जारी है। कार सवार युवकों के नाम आयुष ठाकुर 22 वर्ष, कार्तिक ठाकुर 20 वर्ष, सुमित ठाकुर 15 वर्ष आरिफ खान 25 वर्ष बताए गए हैं। एक्सीडेंट में कार का भी काफी नुकसान हुआ है वहीं सागर नाका चौकी पुलिस दुर्घटना की जांच कर रही है।



## दो नाबालिग व महिला के साथ छेड़खानी की घटनाएं

**हटा।** एक ओर जहां होली के पर्व को लेकर लोग एक दूसरे को तिलक लगाकर गिले शिकवे भुलाकर आपसी बुराईयों को त्याग कर पर्व को मनाते है लेकिन कुछ लोग अपनी रंगत में रंगकर महिलाओ को बुरी नियत से देखकर उन्हें हवस का शिकार बनानें का प्रयास करते है। ऐसे ही तीन अलग-अलग मामले हटा के एक ही वार्ड में सामने आए है जहां दो नाबालिग व एक महिला ने त्यौहार के दौरान अपनें परिजनों के साथ पुलिस थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई जहां हटा थाना प्रभारी मनीष कुमार ने तुरंत मामले को संज्ञान में लेते हुए तीनों घटनाओं के आरोपियों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। प्रथम दृष्टया धुरेडी पर्व की रात्रि में एक नाबालिग घर में अकेला देखकर बुरी नियत से आरोपी द्वारा छेड़खानी की गई जहां पीड़ित नाबालिग द्वारा घटना की जानकारी तुरंत ही अपनें परिजनों को दी तो परिजनों द्वारा पीड़ित नाबालिग को पुलिस थाना ले जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई जहां पुलिस ने कथनों के आधार पर आरोपी के खिलाफ 354 पाक्सो एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया। वही दूसरी घटना 26 मार्च की सुबह जब एक नाबालिग अपनें घर के पास खड़ी थी उसी दौरान हटा थाना के रसीलपुर निवासी तीन युवक दीपक बंसल गोविन्द बंसल व पुष्पेन्द्र बंसल द्वारा अश्लील हरकतें करते हुए नाबालिग के साथ छेड़खानी की । घटना उपरांत तीनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 354 पाक्सो एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। 25 मार्च की दोपहर 12 बजे अनुसूचित जाति के दिव्यांग की 35 बर्षीय पत्नी अपनें घर के पास मैदान में गाय के गोबर के कन्डें पाथ रही थी तभी तीन आरोपीगणों ने एक राय होकर महिला को बुरी नियत से छेड़खानी करते हुए गाली-गलौच कर उसे जातिगत अपमानित किया। जहां पीड़ित महिला द्वारा घटना उपरांत अपने दिव्यांग पति के साथ पुलिस थाना पहुंचकर तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिस पर पुलिस द्वारा महिला के कथनों के आधार पर आरोपी हरिनारायण पुरानी, राजेश अहिरवार एवं शालगराम अहिरवार के खिलाफ धारा 354 एससीएसटी के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

## लैब टेक्नीशियन को नोटिस तथा व्यवस्था पर जताई नाराजगी

**दमोह।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्पित वर्मा ने जिले के भ्रमण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हिनौता कला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को लैब टेक्नीशियन अनुपस्थित पाया गया, बताया गया लैब टेक्नीशियन समय से पहले स्वास्थ्य केंद्र से निकल जाते हैं, जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में साफ सफाई की व्यवस्था बेहतर नहीं होने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था रखने निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने डाक्टरों को निर्देश दिए कि जो भी बायो मेडिकल वेस्ट निकलता है, उसका नियमित निस्तारण सुनिश्चित कराए। जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का वातावरण बेहतर हो सके। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हिनौता कला में भर्ती मरीजों से भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में चर्चा की तथा डॉ. विवेक शर्मा एवं डॉ.लोधी को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के भी निर्देश देते हुए समझाइश दी। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी एवं चिकित्सकीय अमला उपस्थित था।



## मुनिश्री सुधा सागर जी का जिले में मंगल प्रवेश



आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज जी के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव के नाम से विख्यात श्री सुधा सागर जी महाराज के पावन चरण तेजी के साथ कुंडलपुर की तरफ बढ़ रहे है। छतरपुर जिले की सीमा से आज मुनि श्री का आज दमोह जिले की सीमा में प्रवेश हुआ इस दौरान भक्तों ने मंगल अगवानी की। मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज कानपुर से पद विहार करते हुए छतरपुर होते हुए दमोह जिले में ग्राम घोघरा थाना मडियादो में मंगल प्रवेश किया है। इस दौरान भक्तों की भीड़ के साथ किशनगढ़ और मड़यिादो थाना पुलिस की भी मौजूदगी रही।

### मुनि श्री समय सागर के सानिध्य में गौशाला में पशु चिकित्सालय का लोकार्पण

# अहिंसा धर्म विश्वव्यापी हैः मुनि श्री समय सागर जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा




सुबह लगभग 8 बजे महामुनिराज श्री समय सागर जी महाराज जी का सासंघ नगर में आगमन हुआ। नगर की जैन समाज के कुछ लोग 27 मील ग्राम पहुंचे जहां से महाराज जी के साथ चलकर आए एवं अधिकतर लोगो ने ग्राम नरगुवां एवं वेयर हाउस तक पहुंचकर भव्य गाजे बाजे के साथ आगवानी की गई। महामुनि राज समय सागर जी महाराज जी को आहार दान देने का सौभाग्य सुरेश पांडे, अंशु पांडे परिवार को प्राप्त हुआ। इसके बाद लगभग 4 बजे मुनि संघ के सानिध्य में पशुपालन पालन मंत्री लखन पटैल, सांसद प्रत्याशी राहुल लोधी, पूर्व उर्जा राज्य मंत्री दशरथ सिंह लोधी एवं भाजपा के पदाधिकारियों की मौजूदगी में गौ शाला में निर्मित पशुचिकित्सालय का लोकार्पण किया गया।

इस दौरान दयोदय महासंघ ने गौशाला अध्यक्ष संजय जैन पारसमणी के द्वारा किए जा रहे कार्यो को लेकर सम्मान किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में मौजूद अनेक लोगो ने लगभग 7 लाख रूपए का गौशाला कमेटी को दान दिया गया। साथ ही दयोदय महांसघ के द्वारा एक्सरा मशीन एवं सोनोग्राफी मशीन के लिए सहयोग देने की घोषणा की गई।

महामुनिराज समय सागर जी महाराज जी ने अपने प्रवचनो में कहां है कि अहिंसा धर्म की प्रसंन्नसा या व्याख्यान नहीं कर पाएगें क्योकि अहिंसा धर्म बहुत व्यापक धर्म है। यह अहिंसा धर्म जैनियों का धर्म हैं ऐसा नहीं है। यह धर्म विश्वव्यापी, परोपकार, करूणा, दया अनुकम्पा को लेकर आया है। पवित्र आत्मगत से परिणाम उत्पन्न होते है जिसका नाम अहिंसा धर्म है। मानव जीवन में अपने आप की रक्षा की बात तो करता है। उसके जीवन में प्रतिकूलता आती है, कोई संकट आता है तो उसे दूर करने के लिए सभी प्रकार से तत्पर हो जाता है। प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन को सुखमय बनाने के लिए हमेशा प्रयास करता है। आप पुरूषार्थ कर अपने जीवन का यापन करते है। किन्तु पशु क्या करेगा। वो मूक प्राणी है। कोई पालन करता है तो उसको खादय वस्तु मिलती है। लेकिन जो आवारा पशु घूम रहे है उनकी रक्षा उनके जीवन के संबंध में सोचने बाला कौन मिलता है। ऐसे पशु की सेवा करने बाले कितने लोग होगे। मानव अपने लिए हर प्रकार के प्रबंध करता है लेकिन पशुओ के लिए क्या प्रबंध है। गाय को सूखा भूसा मिल जाता है तो उसे चाव से खा लेती है लेकिन उसके बदले गाय आपको दूध देती है। दूध से घी के साथ अनेक बस्तु बनती है जिससे आपका जीवन पुष्ट हो जाता है। उसी घी से भगवान और गुरूओ की आरती उतारी जाती है।

गुरू महाराज जी कहते है कि पशुओ का पालन आप नहीं कर रहे है किन्तु पशुओ के द्वारा आपका पालन हो रहा है। बच्चो का पालन भी गाय के दूध से ही होता है। पहले कृषि पशुओ के माध्यम से की जाती थी। जिस कारण पशुओ का पालन होता था। लेकिन अब मशीनो से की जा रही है। नीती न्याय के अनुरूप नित्य का अर्जन करते है और उस नित्य का प्रतिशत है। वह पशुओ के पालन करने में लगाते है तो निशिचत रूप से जो पशुओ के लिए आपके द्वारा जो सुख शांति मिली है संभव है कि वह भव भव में याद करेगा। करूणा दया अनुकम्पा के साथ बिना स्वार्थ से अहिंसा का पालन करेगे तो आपका भविष्य उज्जवल होगा।

## सीईओ ने सिविल अस्पताल का किया निरीक्षण



**हटा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्पित वर्मा ने बुधवार दोपहर हटा सिविल अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण कर बीएमओ को आवश्यक दिशा निर्देश दीजिए। जिला सीईओ ने अचानक निरीक्षण के दौरान वार्डो में साफ सफाई,अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया, साथ ही प्रभारी बीएमओ डॉ उमाशंकर पटेल और स्वास्थ्य अमले को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ सरोजिनी जेम्स,डीएचओ रीता चटर्जी की भी उपस्थिति रही। सिविल अस्पताल के निरीक्षण उपरांत सीईओ अर्पित वर्मा ने हिनौता उप स्वास्थ्य केंद्र के अलावा गैसाबाद सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों का भी निरीक्षण कर जायजा लिया।

**VEHICLES AUCTION NOTICE**

| DEAL NO. | ASSET CLASS | ASSET MAKE/ MODEL | REGISTRATION NO | ENGINE NO | CHASISS NO | PARKED AT YARD LOCATION |
|---|---|---|---|---|---|---|
| JJD00931T | TRACTOR | PREET-4549 TRACTOR | MP34AA7308 | P34509328 | HEA4505958 | SAGAR |

For any queries or inspection of the vehicles, please cantact
INDUSIND BANK LTD. (CFD) 1525, Near Gulati Petrol Pump.
Prem Nagar, Madan Mahal, Nagpur Road, Jabalpur 482002, Mob. 9907959913

**न्यायालय सहायक अधीक्षक, नजूल नवकरण जिला-दमोह (म.प्र.)**

**इश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांकः- 273/अ-6/2023-2024
मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 110 (3) के अंतर्गत सर्व साधारण को इश्हार के जरिये सूचित किया जाता है कि नजूल शीट नं, नजूल शीट नं. 33, प्लाट नं. 3466 रकवा 0.01 डिस मेसे 83 वर्गफुट वर्गफुट/डिस. भूमि पर धारक राजकुमार, भारत भुषण, मनोज, जितेन्द्र कुमार, विशनलाल/शोरी लाल पंजाबी सा. मांगज वार्ड 9 के नाम दर्ज है।
आवेदक/आवेदिका श्री अभय कुमार जैन/श्री पंचम लाल, मांगज वार्ड 1 तह. व जिला दमोह के द्वारा न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है यह कि नजूल शीट नं. 33 प्लाट नं. 3466 रकवा 0.01 डिस मेसे 83 वर्गफुट वर्गफुट/डिस. भूमि पर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र MPA दिनांक 29/10/1985 के आधार पर नजूल अभिलेख में नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।
यदि उपरोक्त प्लॉट पर आवेदक का नामांतरण होने में किसी व्यक्ति या भूमि से हित रखने वाले किसी पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं लिखित अथवा विधिक प्रतिनिधि द्वारा इस न्यायालय में प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 12/04/2024 को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जा सकेगी।
इश्तहार आज दिनांक 27/03/2024 को मेरे हस्ताक्षेर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
सहा. अधीक्षक
नजूल नव दमोह